MPHIN/2023/88306

डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26

# यशस्वी दुनिया

खबर वही सोच नई...

साप्ताहिक

सम्पादक
कैलाश विश्वकर्मा
मो.7898341111

yashasviduniya@gmail.com

वर्ष -3 अंक -49 मंदसौर, 27 मई 2026 बुधवार से 2 जुन 2026 तक पृष्ठ -4 कीमत 2 रू.

# एमडी ड्रग्स नेटवर्क का खुलासा, हारून से फरदीन और फरदीन से अंकित तक पहुंची मौत की खेप

## शामगढ़ थाना प्रभारी कपिल सोराष्ट्रिय को मिली बड़ी सफलता

यशस्वी दुनिया ⊙शामगढ़

शामगढ़। मंदसौर जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शामगढ़ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कपिल सोराष्टिय को बड़ी सफलता हाथ लगी है। शामगढ़ पुलिस ने एमडी ड्रग्स और डोडाचूरा तस्करी के मामले में कार्रवाई करते हुए पूरे नेटवर्क की परतें खोल दी हैं। मामले में मुख्य आरोपी अंकित विश्वकर्मा और सप्लायर फरदीन खान की गिरफ्तारी के बाद अब पुलिस ने हारून खान को भी आरोपी बनाया है, जिसकी तलाश लगातार जारी है। जानकारी के अनुसार 21 मई 2026 को शामगढ़ पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रेलवे स्टेशन क्षेत्र में एक युवक मादक पदार्थ की सप्लाई के लिए पहुंचा है। सूचना पर थाना प्रभारी कपिल सोराष्टिय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घेराबंदी कर मधुर कॉलोनी निवासी अंकित पिता गोपाल विश्वकर्मा उम्र 22 वर्ष



को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 68 ग्राम एमडी ड्रग्स पाउडर एवं 5 किलो अवैध डोडाचूरा बरामद किया गया।

पुलिस पूछताछ में आरोपी अंकित ने चौंकाने वाला खुलासा किया। उसने बताया कि वह एमडी ड्रग्स और डोडाचूरा राजस्थान के झालावाड़ जिले के डग थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दुधालिया निवासी फरदीन खान से लेकर आया था। इसके बाद पुलिस ने मामले में फरदीन खान को आरोपी




बनाकर उसकी तलाश शुरू की।लगातार दबिश और तकनीकी जांच के बाद 23 मई 2026 को शामगढ़ पुलिस ने फरार आरोपी फरदीन पिता आजाद खान उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम दुधालिया थाना डग जिला झालावाड़ राजस्थान को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि फरदीन को एमडी ड्रग्स हारून खान पिता आजम खान निवासी सुरजनी द्वारा सप्लाई की गई थी। जांच में खुलासा हुआ कि हारून से फरदीन और फरदीन से अंकित तक एमडी ड्रग्स की खेप पहुंची थी। पुलिस ने अब हारून खान को भी आरोपी बनाया है और उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस को आशंका है कि इस नेटवर्क के तार राजस्थान सहित अन्य क्षेत्रों से भी जुड़े हो सकते हैं। पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमलता कुरील एवं एसडीओपी दिनेश प्रजापति के मार्गदर्शन में की गई। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कपिल सोराष्टिय एवं शामगढ़ पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। क्षेत्र में एमडी ड्रग्स जैसे घातक नशे के कारोबार का खुलासा होने के बाद हड़कंप की स्थिति है। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों और सप्लाई चैन की जांच में जुटी हुई है।



# आगामी त्योहारों को लेकर सीतामऊ पुलिस का फ्लैग मार्च

## एसडीओपी एवं थाना प्रभारी के नेतृत्व में निकाला पैदल मार्च

सीतामऊ। आगामी त्योहारों के मद्देनजर नगर में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से मंगलवार को सीतामऊ पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व एसडीओपी दिनेश प्रजापति एवं थाना प्रभारी कमलेश प्रजापति ने किया। पुलिस बल ने नगर के प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल मार्च करते हुए आमजन को सुरक्षा का संदेश दिया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों से त्योहार आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की।

फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। अधिकारियों ने असामाजिक तत्वों को चेतावनी देते हुए कहा कि कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं नगरवासियों ने भी पुलिस प्रशासन के इस प्रयास की सराहना की।

# थाना बड़ौद पुलिस की त्वरित कार्रवाई से मानव तस्करी की साजिश का पर्दाफाश, एक आरोपी गिरफ्तार

आगर मालवा, 26 मई 2026। थाना बड़ौद पुलिस ने तत्परता और समन्वित कार्रवाई करते हुए मानव तस्करी एवं जबरन विवाह कराने की साजिश का खुलासा किया है। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर पीड़िता को सुरक्षित संरक्षण में ले लिया, जबकि अन्य आरोपी फरार हैं।

पुलिस के अनुसार फरियादिया (बदला हुआ नाम) पूजा निवासी बैतूल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह नौकरी के लिए इंदौर जा रही थी, तभी शाहपुर बस स्टॉप से कुछ व्यक्तियों ने उसे नौकरी का झांसा देकर एक स्कॉर्पियो वाहन में बैठा लिया। आरोपियों द्वारा उसे राजस्थान ले जाकर जबरन विवाह कराने और तीन लाख रुपये में सौदा करने की योजना बनाई गई थी। विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई।



घटना के दौरान पीड़िता ने सूझबूझ दिखाते हुए पुलिस कंट्रोल रूम आगर को सूचना दी, जिसके बाद डायल-112 और थाना पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की। तकनीकी लोकेशन के आधार पर पुलिस टीम ग्राम कचनारिया क्षेत्र पहुंची, जहां आरोप सही पाए गए। पुलिस को देखते ही कुछ आरोपी मौके से फरार हो गए, जबकि एक आरोपी और पीड़िता को सुरक्षित बरामद किया गया।

पुलिस ने आरोपी ईश्वरसिंह पिता भग्गाजी बागरी निवासी ग्राम करनालिया को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपी राघु बागरी, धर्मेन्द्र बागरी, कृपाल उर्फ लालू एवं विनोद मालवीय की तलाश जारी है।

गिरफ्तार आरोपी का पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आया है, जिसमें छेड़छाड़, लूट, आर्म्स एक्ट एवं अन्य गंभीर अपराधों के प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि नौकरी, विवाह या किसी भी प्रलोभन के नाम पर अनजान व्यक्तियों पर विश्वास न करें और किसी भी संदिग्ध स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना दें।

# संपादकीय

## नौतपा की भीषण तपिश जलवायु परिवर्तन की चेतावनी

मध्य भारत इन दिनों जिस भीषण गर्मी से गुजर रहा है, वह केवल मौसमी बदलाव नहीं बल्कि एक गंभीर जलवायु चेतावनी का संकेत है। मई के अंतिम सप्ताह में नौतपा की पारंपरिक अवधारणा एक बार फिर तीव्र तापीय संकट के रूप में सामने आई है। खजुराहो में 47 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान दर्ज होना इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि गर्मी अब सामान्य मौसमीय दायरे से बाहर निकलकर आपदा जैसी स्थिति में पहुंच रही है।

नौतपा को परंपरागत रूप से वर्ष के सबसे गर्म नौ दिनों की अवधि माना जाता है, जब सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है। यह लोकमान्यता सदियों से भारतीय जीवन का हिस्सा रही है, लेकिन आधुनिक मौसम विज्ञान की दृष्टि से यह वह समय है जब वातावरण अत्यधिक गर्म और शुष्क हो जाता है। आज यह अवधि केवल परंपरा नहीं, बल्कि बदलते जलवायु पैटर्न का संकेत बन चुकी है।

पिछले वर्षों के आंकड़े बताते हैं कि नौतपा के दौरान तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। मध्य प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों में गर्मी की तीव्रता पहले की तुलना में अधिक और अस्थिर होती जा रही है। यह मामूली वृद्धि भी मानव स्वास्थ्य, कृषि और जल संसाधनों पर बड़ा असर डालती है।

इस बढ़ती गर्मी के पीछे सबसे बड़ा कारण वैश्विक तापवृद्धि है। ग्रीनहाउस गैसों के बढ़ते उत्सर्जन ने वातावरण की ऊष्मा को रोकने की क्षमता बढ़ा दी है। इसके साथ ही एल-नीनो जैसी समुद्री परिस्थितियां मानसून को कमजोर करती हैं, जिससे वर्षा घटती है और गर्मी बढ़ती है। स्थानीय स्तर पर थार मरुस्थल से आने वाली गर्म हवाएं, जिन्हें 'लू' कहा जाता है, स्थिति को और अधिक खतरनाक बना देती हैं।

इसका सबसे गंभीर प्रभाव जनस्वास्थ्य पर देखा जा रहा है। हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन और थकान के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। बुजुर्ग, बच्चे और खुले में काम करने वाले श्रमिक सबसे अधिक जोखिम में हैं। अस्पतालों में मरीजों की बढ़ती संख्या यह संकेत देती है कि स्थिति को हल्के में नहीं लिया जा सकता।

कृषि क्षेत्र भी इस तापीय संकट से प्रभावित हो रहा है। अधिक तापमान के कारण फसलें झुलस रही हैं, मिट्टी की नमी तेजी से खत्म हो रही है और सिंचाई पर निर्भरता बढ़ रही है। इससे उत्पादन घटने और खाद्य सुरक्षा पर खतरा बढ़ने की आशंका है।

ऊर्जा और जल संसाधनों पर भी भारी दबाव है। एयर कंडीशनर और कूलिंग उपकरणों की मांग बढ़ने से बिजली खपत रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच रही है। वहीं जलाशयों में पानी का स्तर गिर रहा है और वाष्पीकरण बढ़ने से पेयजल संकट की आशंका गहराती जा रही है।

यह स्थिति स्पष्ट करती है कि नौतपा अब केवल एक मौसमी परंपरा नहीं, बल्कि जलवायु परिवर्तन का जीवंत उदाहरण बन चुका है। यह समय केवल चिंता का नहीं, बल्कि ठोस कार्रवाई का है। सरकारी स्तर पर हीटवेव प्रबंधन, अस्पतालों में विशेष वार्ड, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर और आपात सेवाओं को मजबूत करना जरूरी है। वहीं नागरिकों को भी जागरूक रहना होगा–धूप में निकलने से बचना, पर्याप्त पानी पीना और सावधानी बरतना जीवन रक्षक कदम हैं। दीर्घकालिक समाधान के रूप में जल संरक्षण, सौर ऊर्जा, टिकाऊ कृषि और पर्यावरण संतुलन की दिशा में गंभीर प्रयास आवश्यक हैं। यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले वर्षों में यह गर्मी एक स्थायी जलवायु संकट का रूप ले सकती है।

# पीएम आवास योजना शहरी में इस वर्ष 6650 हितग्राहियों को मिलेगा आवास

## पीएम विश्वकर्मा योजना में 5000 युवाओं को मिला लाभ

### बैंकर्स समन्वय समिति की बैठक संपन्न

मंदसौर 26 मई 2026/ कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैंकर्स समन्वय समिति की बैठक सुशासन भवन स्थित सभागृह में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक में बताया गया कि पीएम आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत इस वर्ष जिले के 6650 हितग्राहियों को आवास का लाभ प्रदान किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने निर्देश दिए कि योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि अधिक से अधिक पात्र नागरिक इसका लाभ प्राप्त कर सकें।

पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि गत वर्ष लगभग 5000 युवाओं को प्रशिक्षण देकर योजना का लाभ प्रदान किया गया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन बैंकों द्वारा आवेदन निरस्त किए गए हैं, उनके कारणों की आईटीआई प्राचार्य एवं एलडीएम के साथ मिलकर रैंडम जांच की जाए तथा निरस्तीकरण के कारणों का परीक्षण किया जाए।

पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत 50 हजार रुपये तक की ऋण योजना में अधिक से अधिक आवेदन प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि इस योजना की समीक्षा प्रत्येक साप्ताहिक बैठक में की जाएगी।

बैठक में पीएम मुद्रा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, उद्यम क्रांति योजना, कामधेनु योजना, संत रविदास स्वरोजगार योजना तथा भगवान बिरसा मुंडा योजना की भी विस्तृत समीक्षा की गई। फसल बीमा संबंधी शिकायतों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने बीमा कंपनी के अधिकारियों को वीसी के माध्यम से निर्देश दिए कि किसानों की शिकायतों का शीघ्र निराकरण कर भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

साथ ही इसके लिए जिम्मेदार अधिकारी को जिले में नियुक्त करने के निर्देश भी दिए।


बैठक में लीड बैंक मैनेजर श्री संजय मोदी सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी एवं बैंकर्स उपस्थित रहे।


ट्रेवल्स अहमदाबाद, इंदौर, भोपाल, राजकोट, सुरत, बड़ौदा, उज्जैन


मधुर काँटा की नई सौगात
इलेक्ट्रानिक तोलकाँटा
दूध डेयरी का सामान



डेयरी संबंधित सभी प्रकार की मशीन व मशीन के पार्ट्स उचित दाम पर मिलते है एवं सभी प्रकार की मशीनें रिपेयरिंग की जाती है।

साथ ही


आपके मकान, दुकान, गोडाऊन व व्यावसायिक स्थल की सुरक्षा हेतु CCTV कैमरे लगवाईये।
L.E.D. T.V., नोट काउंटिंग मशीन वारंटी व गारंटी के साथ
हमारे यहाँ सभी प्रकार के पुराने CCTV कैमरे रिपेयर भी किये जाते हैं

मधुर इंटरप्राइजेस ट्रेवल्स & कोरियर
प्रोप्रा. अनुप जैन (कदुभाई), गरोठ वाले
शिव हनुमान मंदिर के पास, मेनरोड़, बस स्टेण्ड, शामगढ़ Mob. 9977003920, 9179928540, 8224851378, 8889305176, 9685258614, 9174077485



हास्पीटल रोड़, गरोठ 9713314588, 7225855268

प्रो-टीपू शेख, मो-9893112773 आदिल मो-9806741851

राज लाइट डेकोरेशन एण्ड डीजे साउंड

हमारे यहां लाईट डेकोरेशन, डीजे साउण्ड, जनरेटर, 5 केवीआर से 125 केवीआर जनरेटर व्यवस्था एवं इलेक्ट्रीक फीटिंग कार्य भी किया जाता है। जनरेटर खरीदे व बेचे जाते है। ए टू जेड जनरेटर व्यवस्था।


चामुण्डा कालोनी, माकड़ी माताजी रोड, शामगढ़

ज्योति ऑप्टीकल एण्ड आई केयर
आईसीआईसीआई बैंक के सामने, सुभाष मार्ग, शामगढ़
Mob.9752457614,9893826814
आधुनिक मशीनों द्वारा आंखो की जांच कर चश्मे बनाये जाते है विश्वसनीय कम्पनियों के चश्मे व गॉगल।
नैत्र रोग विशेषज्ञ– डॉ. विक्रांत भावसार
प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को उपलब्ध रहेंगे
समय प्रातः 10 से 1 बजे तक


# भागवत कथा के समापन पश्चात अजमेर रवाना हुए पूज्य गुरुदेव कृष्णानंद जी महाराज

शामगढ़। नगर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पूर्णाहुति समारोह के पश्चात पूज्य गुरुदेव कृष्णानंद जी महाराज मंगलवार को शामगढ़ से अजमेर के लिए रवाना हुए। प्रस्थान से पूर्व गुरुदेव नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती कविता नरेंद्र यादव के निवास स्थान पहुंचे, जहां यादव परिवार द्वारा श्रद्धा एवं सम्मान के साथ उनका आत्मीय स्वागत किया गया।



इस अवसर पर पूज्य गुरुदेव कृष्णानंद जी महाराज ने परिवारजनों एवं उपस्थित श्रद्धालुओं को धर्म, संस्कार और सदाचार के मार्ग पर चलने का संदेश देते हुए अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

गुरुदेव की विदाई के दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष धीरज संघवी, कथा यजमान रोडसिंह चौहान, रमेश काला, वरिष्ठ पत्रकार ओम संघवी, नगर परिषद कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

पूज्य गुरुदेव कृष्णानंद जी महाराज के शामगढ़ से प्रस्थान के समय श्रद्धालुओं में भावुकता का माहौल देखने को मिला। कथा आयोजन के दौरान पूरे नगर में भक्ति एवं आध्यात्मिक वातावरण बना रहा।

## कार्यालय नगर परिषद गरोठ, जिला मंदसौर (म.प्र.)

क्रमांक-1321/ई-टेण्डरिंग/2026 गरोठ, दिनांक 20/05/2026

### ॥ निविदा सूचना ॥

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण https//mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | ऑनलाईन निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_UAD_509286_1 Date : 20/05/2026 | नगर के विभिन्न वार्डो में 9 मीटर जी.आई. ऑक्टोनल पोल एवं एल.ई.डी. स्ट्रीट लाईट लगाने का कार्य। | 5122989 3 Month | 10000/- 51000/- | 19.06.2026 |

**निविदा शर्तें:**

1. समस्त निर्माण कार्य नर्मदा / बनास नदी रेती (बालु रेती) में करना होगा। निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http//mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
2. ठेकेदार को भुगतान निकाय की वित्तीय स्थिति के आधार पर किया जावेगा।

(गिरीश शर्मा) मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर परिषद गरोठ

(सतीश गुजराती) सभापति लोक निर्माण, विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग

(महेश मालवीय) उपाध्यक्ष नगर परिषद गरोठ

(राजेश सेठिया) अध्यक्ष नगर परिषद गरोठ


SP Cure With Care
सरदार पटेल
मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
आपके शहर शामगढ़ में एक मात्र मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल जहाँ सम्पूर्ण सुविधाओं के साथ वरिष्ठ डॉक्टर द्वारा उपचार प्रतिदिन किया जाता है।
24/7 EMERGENCY SERVICE
डॉ. राशी चौबे
MBBS, M.S. (obs.& Gynaecologist)
वरिष्ठ महिला एवं प्रसुति रोग विशेषज्ञ
उपलब्ध सुविधाएँ–
- गर्भवती महिलाओं की सम्पूर्ण जांच एवं उपचार।
- 24 घण्टे नार्मल एवं सिजेरियन (L.S.C.S.) डिलेवरी की सुविधा।
- स्त्री रोग से संबंधित सभी प्रकार के ऑपरेशन व ईलाज।
- किशोरावस्था से Menopause तक सभी प्रकार की स्त्री एवं प्रसुती रोग।
- निःसंतानता, बांझपन, सफेद पानी लूकोरिया, महामारी की अनियमितता।
- बार बार गर्भ गिरना, गर्भाशय की सूजन, योन रोग, गर्भाशय व अण्डकोष की गांठ आदि का सम्पूर्ण ईलाज।
- स्त्री रोग से संबंधित सभी प्रकार के ऑपरेशन जैसे – बच्चेदानी का ऑपरेशन, गठान का ऑपरेशन, नसबंदी का ऑपरेशन।
- अंडाशय की गठान, नस में ठहरा हुआ बच्चा।
- परिवार नियोजन परामर्श।
- पूर्णतया प्रशिक्षित स्टॉफ की सेवाएँ। जोड़ो का दर्द, कंधो का जाम, कमर, रीढ़ की हड्डी का दर्द ब्रेन ट्यूमर, साईटिका, मांसपेशियों का खिंचाव, सुन्नपन, सभी प्रकार की फिजियोथेरेपी की जाती है।
- फिजियोथेरेपी, बुखार, शुगर, ब्लड प्रेशर बिमारियों का ईलाज।
- शल्य चिकित्सा संबंधी जैसे –
हर्निया / पाईल्स / फिशर / फिस्टूला / अपेडिक्स / प्रोस्टेट
कलर सोनोग्राफी, कम्प्यूटराईज्ड लेब, ICU, ECG
एंबुलेंस, मेडिकल, जनरल वार्ड, वातानुकुलित कॉटेज
ऑपरेशन थिएटर, Digital X-ray, 3D/4D सोनोग्राफी
मल्टी स्पेशलिटी – जनरल मेडिसीन विशेषज्ञ, जनरल सर्जन विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ
रजिस्ट्रेशन करवाने हेतु सम्पर्क करें – 9630656224
पता – 10, गरोठ रोड़, सरदार पटेल मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल शामगढ़, जिला– मंदसौर (म.प्र.) कोड नं. 458883



NOBLE Computer Academy
मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा
DCA
PGDCA
CPCT
BASIC
Tally Accounting Course only 45 Days
संचालक राजमल मांदलिया
9977105210
Punjabi Colony, Shamgarh



गोपाल पटेल 9826055169
अर्जुन पटेल 9981235380
गोपाल जी (मट्टा सेठ) 9893633622
खाती पटेल
लाईट डेकोरेशन, डी.जे साउण्ड
शादी पार्टी में लाइट डेकोरेशन जनरेटर डीजे के लिये सम्पर्क करे
पता - गायत्री शक्तिपीठ के पास सगीरिया रोड़ शामगढ़



शामगढ़ में अमूल दूध अब ओम दूध डेयरी पर
शुद्ध और पोष्टिक दुध, घर से घर तक
Amul DOODH
अमूल गोल्ड
Now in SHAMGARH
6 लीटर और 1 लीटर उपलब्ध
उच्च क्वालिटी, पूर्ण मात्रा
शादी पार्टी में डिलेवरी हेतु सम्पर्क करे
9926839024
अधिकृत विक्रेता ओम दूध डेयरी
नगर परिषद काम्पलेक्स, शामगढ़

# गरोठ में जनसुनवाई के दौरान दिखी प्रशासनिक संवेदनशीलता

## 97 वर्षीय बुजुर्ग की समस्या सुनने कुर्सी छोड़ बाहर आए एसडीएम राहुल चौहान

गरोठ। गरोठ एसडीएम राहुल चौहान की संवेदनशील और जनहितैषी कार्यशैली मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में एक बार फिर देखने को मिली। जनसुनवाई के दौरान 97 वर्षीय बुजुर्ग किसान श्यामलाल खाती पटेल अपनी समस्या लेकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे। बुजुर्ग को देखकर एसडीएम राहुल चौहान स्वयं अपनी कुर्सी छोड़कर कार्यालय के बाहर आए और सम्मानपूर्वक उनकी समस्या सुनी।



बुजुर्ग किसान ने रास्ता विवाद से जुड़ी परेशानी बताते हुए कहा कि उन्होंने इस संबंध में आवेदन दिया है, लेकिन अभी तक समाधान नहीं हुआ। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम राहुल चौहान ने तत्काल तहसीलदार को निर्देश दिए कि किसान की समस्या का शीघ्र निराकरण किया जाए।

एसडीएम की इस मानवीय संवेदनशीलता और व्यवहार की उपस्थित लोगों ने सराहना की। लोगों का कहना है कि प्रशासनिक पद पर रहते हुए आमजन के प्रति इस तरह का सम्मान और संवेदनशीलता प्रशासन की सकारात्मक छवि प्रस्तुत करती है।

उल्लेखनीय है कि गरोठ एसडीएम द्वारा किसानों के रास्ता विवादों के समाधान के लिए राहगीर अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में लंबे समय से लंबित रास्ता विवादों का प्राथमिकता के साथ निराकरण किया जा रहा है, जिससे किसानों और ग्रामीणों को राहत मिल रही है।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि एसडीएम राहुल चौहान की तत्परता और समस्याओं के त्वरित समाधान की कार्यशैली से लोगों का प्रशासन के प्रति विश्वास मजबूत हो रहा है।

# शामगढ़ में शांति समिति की बैठक संपन्न,आगामी त्योहारों पर सौहार्द बनाए रखने की अपील



शामगढ़। आगामी ईद एवं मोहर्रम पर्व को लेकर मंगलवार शाम पुलिस थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था, सफाई, पेयजल एवं यातायात व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों ने सभी समुदायों से भाईचारा और आपसी सौहार्द बनाए रखते हुए पर्व मनाने की अपील की। बैठक में गरोठ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमलता कुरील नगर परिषद अध्यक्ष कविता यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष नीलकमल मेहता, नायब तहसीलदार भीम सिंह खराड़ी, थाना प्रभारी कपिल सौराष्ट्रीय, सीएमओ सुरेश यादव ,कस्बा पटवारी मुकेश सालवी ,सहित शांति समिति के सदस्य, सर्व समाज के वरिष्ठजन ,पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान शांति समिति सदस्यों ने प्रशासन को विभिन्न आवश्यक सुझाव भी दिए तथा पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया।थाना प्रभारी कपिल सौराष्ट्रीय ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल हुई एक पोस्ट के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि पोस्ट फर्जी आईडी से की गई थी। जिस व्यक्ति के नाम से पोस्ट की गई, वह संबंधित सिम पूर्व में ही बंद कर चुका था। मामले की जांच जारी है।




# भानपुरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न, सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील

भानपुरा। मंगलवार शाम करीब 6:30 बजे पुलिस थाना भानपुरा परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। तहसीलदार भानपुरा एवं थाना प्रभारी भानपुरा ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और नागरिकों से आपसी भाईचारा बनाए रखने तथा कानून व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की। बैठक में धार्मिक आयोजनों के दौरान यातायात व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था और अफवाहों से बचने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों ने कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से बचने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। बैठक में नगर के विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## अफज़लपुर में मस्जिद के इमाम से मारपीट, धार्मिक नारे लगाने का आरोप

# शामगढ़ मुस्लिम समाज ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन, दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग

यशस्वी दुनिया ⊙ मंदसौर

( जावेद हुसैन )



अफज़लपुर में जामा मस्जिद के इमाम मोहम्मद हुसैन रज़ा के साथ मारपीट एवं जबरन धार्मिक नारे लगवाने के आरोप का मामला सामने आया है। इस घटना को लेकर मुस्लिम समाज एवं स्थानीय नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है। शामगढ़ मुस्लिम समाज द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमलता कुरील को पुलिस अधीक्षक मंदसौर के नाम ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की गई।शिकायत के अनुसार, 23 मई 2026 की शाम अफज़लपुर थाने के पास कुछ लोगों ने मुल्तानपुरा निवासी एवं जामा मस्जिद के इमाम मोहम्मद हुसैन रज़ा को रोक लिया। आरोप है कि आरोपियों ने उनका मोबाइल छीन लिया तथा उनके साथ मारपीट की। पीड़ित का कहना है कि उनसे जय श्रीराम के नारे लगाने का दबाव बनाया गया। विरोध करने पर जान से मारने एवं झूठे मामलों में फंसाने की धमकी भी दी गई। पीड़ित पक्ष का यह भी आरोप है कि बाद में उन्हें थाने ले जाया गया, जहां उनकी बात गंभीरता से नहीं सुनी गई और वहां भी उनके साथ मारपीट हुई।

मामले को लेकर समाजजनों ने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व शहर का माहौल खराब करने एवं सांप्रदायिक तनाव फैलाने की कोशिश कर रहे हैं।

ज्ञापन में मांग की गई है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए तथा पीड़ित परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए। समाजजनों ने प्रशासन से क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने हेतु आवश्यक कदम उठाने की अपील भी की है।

इस दौरान शामगढ़ से सदर मकसूद खान, रफीक मंसूरी, जाहिद खान, पार्षद फारुख मेव, गोरा पठान, फिरोज अगवान, आरिफ बैग, गनी मंसूरी, बबलू मेव, डॉ. मजीद खान, रशीद मंसूरी, इक़रार मेव, शाहरुख पठान, वहाब मंसूरी, अनवर शाह सहित अनेक वरिष्ठ समाजजन उपस्थित रहे।

SEBI Reg. 2100274304

17 वर्षों से आपकी सेवा में

THE MONEY MAKER

INVESTMENTS & SOLUTIONS SERVICES

NSE, BSE, MCX, NCDEX Authorized

हमारी सेवाएँ - डिमेट U A/C, IPO, MUTUAL FUND, SIP, TAX सेविंग स्कीम, हैल्थ इंश्यूरेंस, लाईफ इंश्यूरेंस, शेयर ट्रेडिंग, कमोडिटी ट्रेडिंग, करंसी ट्रेडिंग, ऑपशन ट्रेडिंग, गर्वमेंट बॉंड, कॉरपोरेट एफडी एवं फिजिकल शेयर सर्टिफिकेट और म्यूच्वल फंड केश करवाये जाते हैं ।

संपर्क करे-श्री मल्हार काम्पलेक्स

डिम्पल चौराहा, शामगढ़ प्रोप्रा. अमित हरदे

संपर्क करे-मो. 9826783941, 9424083941




समस्या अनेक समाधान एक

अब आप अपने व्यापार एवं जीवन से संबंधित कई कार्य आसानी से कर पाएंगे..सिर्फ एक संपर्क पर

ONE DESK BUISNESS SOLUTIONS PVT LTD

आपके लिए लाया है

GST,Income Ta& ,Loan & Subsidy Services,Trust & Society Registration ,Startup Consultancy,Company/LLP Incorporation

की सेवाओं के साथ सिर्फ एक कॉल पर उपलब्ध संपर्क करे...

पाटिल कॉलोनी H.N 34/35
मंदसौर 458001

Contact us -9109464400
onedeskwy@gmail.com
222.onedeskbiz.com

स्वामित्वाधिकारी, कैलाश विश्वकर्मा के लिए मुद्रक के द्वारा नकुल कंप्यूटर्स एंड ऑफसेट प्रिंटर्स नाकोड़ा परिसर, गली नंबर 2 जीरागंज, मंदसौर (म.प्र.) से मुद्रित कर सुभाष मार्ग, शामगढ़ जिला मंदसौर (म.प्र.) से प्रकाशित,डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26 (संपादक कैलाश विश्वकर्मा) मो. 7898341111 MPHIN/2023/88306